# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## दिसंबर भाग-1
## 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. कपास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

   1. यह एक सूखा प्रतिरोधी फसल है और शुष्क जलवायु के लिये उपयुक्त है।
   2. दक्कन के पठार की मिट्टी कपास की फसल उगाने के लिये उपयुक्त है।
   3. गुजरात भारत का प्रमुख कपास उत्पादक राज्य है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

2. राष्ट्रमंडल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. इसकी स्थापना वर्ष 1949 में लंदन घोषणापत्र द्वारा की गई थी।
   2. महारानी एलिजाबेथ द्वितीय राष्ट्रमंडल की प्रमुख हैं।
   3. इसकी सदस्यता स्वतंत्र और समान स्वैच्छिक सहयोग पर आधारित है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) द्वारा रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (RPL) की मान्यता लागू की जा रही है।
   2. RPL एक औपचारिक व्यवस्था के बाहर रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग है और व्यक्ति को उसके कौशल हेतु सरकारी प्रमाणपत्र प्रदान करता है।
   3. NSDC कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तत्त्वावधान में काम करने वाली एक सार्वजनिक-निजी-साझेदारी है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. यह सबसे हल्की धातु और सबसे हल्का ठोस तत्त्व है।
   2. यह अत्यधिक प्रतिक्रियाशील और ज्वलनशील है।
   3. पिछले कुछ समय में उच्च प्रदर्शन वाली रिचार्जेबल बैटरी की मांग बढ़ने के साथ ही इसे 'सफेद सोना' कहा जाने लगा है।

   उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस धातु को संदर्भित करते हैं।

   A. लिथियम
   B. सिलिकॉन
   C. ग्रेफाइट
   D. हाइड्रोजन

नोट :

5. निम्नलिखित में से कौन-से देश 'लिथियम त्रिकोण' का निर्माण करते हैं?

A. चिली, अर्जेंटीना और बोलीविया

B. पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान

C. म्याँमार, थाईलैंड और वियतनाम

D. कनाडा, अमेरिका और मेक्सिको

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. HIV वायरस मानव शरीर में श्वेत रक्त कोशिका पर हमला करता है।
2. एक बार HIV शरीर में प्रवेश कर जाने के बाद इसे पूर्णत: समाप्त नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित में से किसकी स्थापना 'संथानम समिति' की सिफारिशों पर की गई थी?

1. केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC)
2. केंद्रीय जाँच ब्यूरो (CBI)
3. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB)
4. लोकपाल

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. 1, 2 और 3

D. 1, 2 और 4

8.निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. जीवामृत
2. बीजामृत
3. अच्छादाना
4. वापासा/वाष्प

उपर्युक्त में से कौन ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग (ZBNF) के स्तंभ हैं?

A. केवल 1, 2 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

उत्तर: D

व्याख्या:

- ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग (ZBNF) मूल रूप से महाराष्ट्र के एक किसान सुभाष पालेकर द्वारा विकसित रसायन मुक्त कृषि (Chemical-Free Farming) का एक रूप है। यह विधि कृषि की पारंपरिक भारतीय प्रथाओं पर आधारित है।
- इस विधि में कृषि लागत जैसे कि उर्वरक, कीटनाशक और गहन सिंचाई की कोई आवश्यकता नहीं होती है। जिससे कृषि लागत में आश्चर्यजनक रूप से गिरावट आती है, इसलिये इसे ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग का नाम दिया गया है।

नोट :

- ZBNF 4 स्तंभों पर आधारित है:
  - जीवामृत: इसमें पालतू पशुओं के गोबर, मल-मूत्र आदि को किण्वित करके उपयोग में लाया जाता है। इससे मिट्टी में सूक्ष्म जीवों को एक अनुकूल स्थिति प्राप्त होती है।
  - बीजामृत: इसमें भी जीवामृत के समान सामग्री होती है। यह अंकुरों को मिट्टी एवं बीज जनित बीमारियों से बचाती है।
  - आच्छादन (Mulching): इसके माध्यम से मृदा में आद्रता तथा वातन (Aeration) में सहायता मिलती है।
  - वापासा/वाष्प (Moisture): वाष्प एक ऐसी स्थिति है जिसमें वायु एवं जल के कण मृदा में उपस्थित होते हैं। इससे अति सिंचाई में कमी आती है तथा कम समय के लिये ही निश्चित अंतराल पर सिंचाई की आवश्यकता होती है। अत: विकल्प D सही है।

9. केंद्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. यह गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है।
   2. इसे संथानम समिति की सिफारिश पर स्थापित किया गया था।
   3. यह एक वैधानिक निकाय है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

   A. केवल 1 और 3
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

10: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. 'ऑल-इंडिया क्वार्टरली इस्टैब्लिशमेंट-बेस्ड एम्प्लॉयमेंट सर्वे' (AQEES) श्रम ब्यूरो द्वारा आयोजित किया जाता है।
   2. 'एरिया फ्रेम इस्टैब्लिशमेंट सर्वे' AQEES के घटकों में से एक है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

11. पीएम मित्र पार्क हाल ही में चर्चा में रहा है। यह निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

   A. वस्त्र
   B. कौशल विकास
   C. ज़िला खनिज निधि
   D. सौर ऊर्जा

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. नगालैंड की सीमा त्रिपुरा से नहीं लगती।
   2. गारो नगालैंड की सबसे बड़ी जनजाति है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका नेतृत्त्व ब्रिटिश शासन के विरुद्ध वंशानुगत कर-मुक्त भूमि और उपाधियों के बदले सैन्य सेवाएँ प्रदान करने हेतु सैन्य वर्ग द्वारा किया गया था।
2. इसे गजपति शासक मुकुंद देव द्वितीय के सर्वोच्च रैंक वाले सैन्य जनरल द्वारा वर्ष 1857 के पहले सिपाही विद्रोह से लगभग 40 वर्ष पहले अंजाम दिया गया था।
3. इसे औपचारिक रूप से ओडिशा सरकार द्वारा स्वतंत्रता के पहले युद्ध के रूप में घोषित करने का आग्रह किया गया है।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस विद्रोह का वर्णन करते हैं?

A. मोपला विद्रोह
B. पॉलीगारों विद्रोह
C. पाइका विद्रोह
D. संथाल विद्रोह

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) योजना बड़े ऊर्जा-गहन उद्योगों में ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहित करने हेतु एक बाजार-आधारित तंत्र है।
2. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) ने PAT के तहत ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र (ESCerts) पेश किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

15. वर्ल्डवाइड कॉस्ट ऑफ लिविंग रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रिपोर्ट वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) द्वारा संकलित की गई है।
2. रहने के दृष्टि से तेल अवीव दुनिया का सबसे महँगा शहर है।
3. अहमदाबाद को शीर्ष दस सबसे सस्ते शहरों में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वेतन दर सूचकांक (WRI) श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित और अनुरक्षित किया जाता है।
2. WRI के लिये आधार वर्ष 1963-65 से बदलकर 2016 कर दिया गया है।
3. अभ्रक खान उद्योग के स्थान पर तेल खनन उद्योग को WRI बास्केट में पेश किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2, और 3

**नोट :**

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) और राज्य के मुख्यमंत्री के परामर्श से उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है।
    2. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सिफारिश एक कॉलेजियम द्वारा की जाती है जिसमें CJI और दो वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. अनुच्छेद 2 भारतीय संसद को नए राज्यों के गठन और मौजूदा राज्यों के परिवर्तन से संबंधित कानून बनाने का अधिकार देता है।
    2. अनुच्छेद 3 भारतीय संसद को कानून द्वारा संघ में प्रवेश करने या नए राज्यों की स्थापना करने का अधिकार देता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

19. निम्नलिखित कथाबों पर विचार कीजिये:
    1. यह तीन वित्तीय संसदीय समितियों में से एक है।
    2. इसकी स्थापना वर्ष 1921 में मोंटफोर्ड रिफॉर्म्स द्वारा की गई थी।
    3. इसमें संसद के 22 सदस्य शामिल होते हैं।

    उपरोक्त कथन निम्नलिखित में से किस संसदीत समिति से सबसे उपयुक्त रूप से संबंधित हैं?

    A. लोक लेखा समिति
    B. प्राक्कलन समिति
    C. वित्तीय सलाहकार समिति
    D. विशेषाधिकार समिति

20. माणिक्य वंश ने 13वीं शताब्दी के अंत से वर्ष 1949 में भारत सरकार के साथ विलय के साधन पर हस्ताक्षर करने तक किस उत्तर-पूर्वी राज्य पर शासन किया?

    A. असम
    B. त्रिपुरा
    C. अरुणाचल प्रदेश
    D. मिजोरम

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (ARC) एक विशेष वित्तीय संस्थान है जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों से गैर-निष्पादित संपत्ति (NPA) खरीदता है।
    2. सरफेसी अधिनियम, 2002 कृषि क्षेत्र में NPAs से निपटने के लिये एक एकीकृत तंत्र प्रदान करता है।

    उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

22. भारतीय नौसेना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के तत्वावधान में प्रतिवर्ष 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है।
2. इसकी अध्यक्षता भारत के राष्ट्रपति इसके सर्वोच्च कमांडर के रूप में करते हैं।
3. भारतीय नौसेना का आदर्श वाक्य है- शं नो वरुण:।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

23. राजद्रोह के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. आपराधिक प्रक्रिया संहिता (CrPC) की धारा 124ए के तहत देशद्रोह एक अपराध है।
2. यह गैर-जमानती अपराध है।
3. राजद्रोह कानून के तहत आरोपित व्यक्ति को सरकारी नौकरी से रोक दिया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

24. 'वर्ल्ड प्रोग्राम ऑफ एक्शन' (WPA) पहल किससे संबंधित है?

A. दिव्यांगता निवारण को बढ़ाने हेतु वैश्विक रणनीति।
B. कोविड संक्रमण को फैलने से रोकने की रणनीति।
C. कुपोषित जनसंख्या में कमी से संबंधित रणनीति।
D. पेरिस समझौते का क्रियान्वयन।

25. प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (PM-SYM) पेंशन योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये?

1. यह श्रम और रोज़गार मंत्रालय द्वारा प्रशासित एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. 18 से 60 वर्ष की आयु के बीच एक असंगठित कार्यकर्ता (UW) PM-SYM योजना के लिये पात्र है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. भारत निम्नलिखित में से किसके साथ 'एकुवेरिन' अभ्यास आयोजित करता है?

A. दक्षिण अफ्रीका
B. सेशल्स
C. मालदीव
D. श्रीलंका

नोट :

27. छत्रपति शिवाजी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

A. मुगल और मराठा साम्राज्यों के बीच लड़ी गई सिंहगढ़ की लड़ाई शिवाजी द्वारा लड़ी गई आखिरी लड़ाई थी।

B. पुरंदर की संधि शिवाजी और बीजापुर के आदिल शाह के बीच हुई थी।

C. शिवाजी ने मुगल बादशाह औरंगजेब से तोरण किला और कोंडाना किला प्राप्त कर लिया।

D. छत्रपति शिवाजी को दी गई उपाधियाँ शककार्ता और हिंदव धर्मोधारक शामिल हैं।

28. निम्नलिखित में से कौन-सा संवैधानिक प्रावधान गिरफ्तार किये गए या हिरासत में लिये गए व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करता है?

A. अनुच्छेद 19

B. अनुच्छेद 20

C. अनुच्छेद 21

D. अनुच्छेद 22

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. काला सागर भी कर्च जलडमरूमध्य द्वारा आज़ोव सागर से जुड़ा हुआ है।

2. डारडेनेल्स, बोस्फोरस और मरमारा सागर- भूमध्यसागर तथा काला सागर के बीच एक ट्रांज़ीशन ज़ोन बनाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

30. बी.आर.अंबेडकर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने एक पाक्षिक समाचार पत्र 'मूकनायक' की शुरुआत की।

2. उन्होंने कालाराम मंदिर आंदोलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

3. वह स्वतंत्र भारत के पहले मंत्रिमंडल में कानून मंत्री बने।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

31: 'विश्व असमानता रिपोर्ट-2022' निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा प्रकाशित की गई है?

A. वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब

B. विश्व न्याय रिपोर्ट

C. ऑक्सफैम इंटरनेशनल

D. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र (ESA) पारिस्थितिक रूप से सुबेध क्षेत्र हैं जो संरक्षित क्षेत्रों के 10 किमी. के भीतर स्थित होता है।

2. ESA क्षेत्र को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) का गठन नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के तहत किया गया था।
2. मादक औषधियों और मन:प्रभावी पदार्थों पर राष्ट्रीय नीति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 47 पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मानवाधिकार परिषद संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के तहत एक अंतर-सरकारी निकाय है।
2. सार्वभौमिक आवधिक समीक्षा हर चार साल में एक बार संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के मानवाधिकार रिकॉर्ड की समीक्षा करने का एक तंत्र है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

35. निम्नलिखित में से कौन-सी समिति/समितियाँ पश्चिमी घाट की पारिस्थितिक संवेदनशीलता का अध्ययन करने के लिये गठित की गई है/हैं?

1. कस्तूरीरंगन समिति
2. गाडगिल समिति
3. टीएसआर सुब्रमण्यम समिति

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2और 3

36. पैनेक्स-21 किस समूह के सदस्य देशों के लिये एक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास है?

A. बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (BIMSTEC)
B. दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ASEAN)
C. क्षेत्रीय सहयोग के लिये दक्षिण एशियाई संघ (SAARC)
D. शंघाई सहयोग संगठन (SCO)

37. चक्रवातों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मध्य अक्षांश के चक्रवात मकर और कर्क रेखा के बीच के क्षेत्र में विकसित होते हैं।
2. विश्व मौसम विज्ञान संगठन ' अतरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात' शब्द का उपयोग मौसम प्रणालियों को कवर करने के लिये करता है जिसमें पवनें 'गैल फोर्स' से अधिक होती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

38. निम्नलिखित में से कौन-सा/से 1857 के विद्रोह की विफलता का कारण है/हैं?

1. बड़ी रियासतें विद्रोह में शामिल नहीं हुईं।
2. नेतृत्वकर्त्ता समग्र रूप से आंदोलन को प्रभावी नेतृत्व प्रदान नहीं कर सके।
3. बंगाल के धनी व्यापारियों, व्यापारियों और जमींदारों ने विद्रोह को दबाने में अंग्रेजों की मदद की।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

39. निम्नलिखित में से कौन-सा/से 1857 के विद्रोह का परिणाम नहीं है/हैं?

A. विद्रोह ने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के अंत को चिह्नित किया।
B. गवर्नर जनरल के कार्यालय को वायसराय के कार्यालय से बदल दिया गया था।
C. व्यपगत के सिद्धांत को समाप्त कर दिया गया था।
D. भारतीय सैनिकों का ब्रिटिश अधिकारियों से अनुपात बढ़ा दिया गया।

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने पंजाब में चाक-नानकी शहर की स्थापना की।
2. उन्हें 'मानवता के रक्षक' (श्रीष्ट-दी-चादर) के रूप में याद किया जाता है।
3. उन्हें मुगल सम्राट औरंगजेब के आदेश पर दिल्ली में मार डाला गया था।

उपर्युक्त कथन सिख धर्म के निम्नलिखित में से किस गुरु से संबंधित हैं?

A. गुरु तेग बहादुर
B. गुरु नानक देव
C. गुरु गोविंद सिंह
D. गुरु राम दास

41. मौद्रिक नीति समिति (MPC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

A. यह आरबीआई अधिनियम, 1934 के तहत स्थापित एक वैधानिक और संस्थागत ढाँचा है।
B. RBI के गवर्नर MPC के पदेन अध्यक्ष हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

C. केवल 1
D. केवल 2
E. 1 और 2 दोनों
F. न तो 1 और न ही 2

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्राज़ील में आयोजित दक्षिण-दक्षिण सहयोग पर दूसरे वैश्विक उच्च स्तरीय सम्मेलन में ब्राज़ीलिया घोषणा, 2015 पर हस्ताक्षर किये गए।
2. भारत ब्राज़ीलिया घोषणा का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

43. वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2021 निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा जारी किया गया है?

A. विश्व स्वास्थ्य संगठन

B. न्यूक्लियर थ्रेट इनिशिएटिव और जॉन्स हॉपकिन्स सेंटर।

C. यूनिसेफ

D. वेल्थुंगरहिल्फ़

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केन और बेतवा नदियाँ यमुना की सहायक नदियाँ हैं।
2. केन नदी पन्ना टाइगर रिज़र्व से होकर गुज़रती है।
3. केन-बेतवा नदियों को जोड़ने की परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र में मौजूद है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

45. 'सी. राजगोपालाचारी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल थे।
2. उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन शुरू करने का विरोध किया।
3. उन्होंने मद्रास प्रेसीडेंसी के 'वेदारण्यम' में नमक मार्च निकाला।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

46. हाल ही में चर्चा में रही 'संपन्न परियोजना' किससे संबंधित है?

A. सभी सार्वजनिक और निजी बैंकों के लिये ऑनलाइन भुगतान की सुविधा।

B. भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण।

C. निर्बाध ऑनलाइन पेंशन प्रसंस्करण और भुगतान प्रणाली।

D. उपयोगिता बिलों के भुगतान, प्रमाण पत्र जारी करने, लाइसेंस और परमिट की सुविधा प्रदान करता है।

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गगनयान चंद्रमा पर मानव रहित मिशन है।
2. गगनयान मिशन को लॉन्च करने के लिये GSLV Mk III का इस्तेमाल किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

48. 'रामानुजन पुरस्कार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पुरस्कार विकासशील देशों के युवा गणितज्ञों को दिया जाता है।
2. यह पुरस्कार विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा वित्त पोषित है।
3. गणितीय विज्ञान की किसी भी शाखा में कार्यरत शोधकर्त्ता इसके पात्र हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

49. 'शंघाई सहयोग संगठन' (SCO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे पूर्व में 'शंघाई फाइव' नाम से जाना जाता था।
2. 'क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना' (RATS) इसका स्थायी निकाय है
3. वर्ष 2019 में भारत और पाकिस्तान सदस्य बने।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

50. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) को पर्यवेक्षक का दर्ज़ा प्रदान किया है।
2. इसका मुख्यालय गुरुग्राम में स्थित है।
3. (ISA) वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड योजना को लागू करने हेतु एक नोडल एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

51. 'इमेजिंग एक्स-रे पोलारिमेट्री एक्सप्लोरर' (IXPE) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आईएक्सपीई वेधशाला नासा और इटालवी अंतरिक्ष एजेंसी का संयुक्त प्रयास है।
2. IXPE चंद्रा एक्स-रे वेधशाला की जगह लेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

52. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | योजनाएँ | उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1. | नई मंज़िल | स्कूल छोड़ने वालों को औपचारिक स्कूली शिक्षा और कौशल प्रदान करना |
| 2. | उस्ताद | अल्पसंख्यकों के युवाओं को अल्पकालिक रोज़गारोन्मुखी कौशल विकास पाठ्यक्रम प्रदान करना |
| 3. | हुनर हाट | कारीगरों और शिल्पकारों को बाज़ार में एक्सपोजर और रोज़गार के अवसर प्रदान करना |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

53. जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केपलर मिशन का उत्तराधिकारी माना जाता है और यह अपनी खोजों का विस्तार और पूरक करेगा।
2. यह नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का परिणाम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. दोनों 1 और 2

D. न तो 1 और न ही 2

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रेडियोधर्मिता कुछ तत्त्वों के अस्थिर नाभिक से कणों या तरंगों के स्वत:स्फूर्त उत्सर्जन की घटना है।
2. सभी प्रकार के जल में थोड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी विकिरण पाया जाता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1और न ही 2

55: 'लेज़र कम्युनिकेशंस रिले डिमॉन्स्ट्रेशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह डेटा ट्रांसमिशन के लिये इन्फ्रारेड लाइट का उपयोग करता है।
2. इसे नासा द्वारा लॉन्च किया गया है।
3. यह रेडियो फ्रीक्वेंसी सिस्टम की तुलना में उच्च बैंडविड्थ प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और जबरन श्रम पर रोक लगाता है।
2. पलेर्मो कन्वेंशन मानव तस्करी से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

57. प्रायः चर्चा में रहने वाला 'ब्लू हार्ट कैंपेन' किससे संबंधित है?

A. मानव तस्करी से लड़ने के लिये वैश्विक जागरूकता बढ़ाने की पहल से।
B. अवैध ड्रग्स से समाज के सामने आने वाली चुनौती के बारे में जागरूकता से।
C. HIV प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिये अभियान से।
D. अल्पकालिक गरीबी और कठिनाई को कम करने से।

58. भारत में केंद्रीय विश्वविद्यालयों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के अनुसार भारत का राष्ट्रपति केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति होंगे।
2. राष्ट्रपति को विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पहलुओं के निरीक्षण को अधिकृत करने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1.इसकी सीमा भूटान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगती है।
2.टाइगर रिज़र्व के वन मुख्य रूप से नम उष्णकटिबंधीय प्रकार के हैं।
3.संकोश, रैदक, जयंती, चुर्निया इससे होकर बहने वाली नदियाँ हैं।

उपर्युक्त कथन भारत के निम्नलिखित में से किस टाइगर रिज़र्व से संबंधित हैं?

A. बुक्सा टाइगर रिज़र्व
B. डंपा टाइगर रिज़र्व
C. पीलीभीत टाइगर रिज़र्व
D. दुधवा टाइगर रिज़र्व

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB) प्रमुख घास के मैदान की प्रजाति है।
2. GIB को IUCN रेड लिस्ट के तहत गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
3. GIB की जनसंख्या केवल राजस्थान के मरुभूमि राष्ट्रीय उद्यान तक ही सीमित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

61. हाल ही में चर्चा में रहा "समीक्षा" प्लेटफॉर्म किससे संबंधित है?

A. व्यापार करने में आसानी की पेशकश करने के लिये एक मंच से।

B. बुजुर्ग देखभाल उत्पादों और सेवाओं की वन-स्टॉप एक्सेस से।

C. कोरोनावायरस के कारण माता-पिता को खोने वाले बच्चों को ट्रैक और मॉनिटर करने से।

D. लघु और मध्यम उद्यमों में लगे संगठनों के ज्ञान और अनुभवों को एकत्रित करने से।

62. समुद्री क्षेत्रों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रादेशिक समुद्र अपनी आधार रेखा से समुद्र की ओर 12 नॉटिकल मील (NM) तक विस्तृत होता है।
2. सन्निहित क्षेत्र प्रादेशिक समुद्र और हाई सीज़ के बीच स्थित एक मध्यवर्ती क्षेत्र है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

63. 'पिनाका' मिसाइल प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारत और इज़राइल ने संयुक्त रूप से विकसित किया था।
2. इसे उच्चतम रेंज की अंतर-महाद्वीपीय मिसाइल माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

64. हाल ही में चर्चा में रही 'स्माइल योजना' निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा तैयार की गई है?

A. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

B. अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय

C. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

D. गृह मंत्रालय

65. 'Log4Shell' सुभेद्यता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सुभेद्यता एक ओपन-सोर्स लॉगिंग लाइब्रेरी पर आधारित है।
2. यह साइबर हमलावरों को लक्षित कंप्यूटर पर दूरस्थ रूप से कोड निष्पादित करने की अनुमति देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

## व्याख्या भाग-1

1.

उत्तर: D

व्याख्या:

कपास  के बारे में:

- यह खरीफ फसल है जिसे तैयार होने में 6 से 8 महीने लगते हैं।
- सूखा-प्रतिरोधी फसल के लिये शुष्क जलवायु आदर्श मानी जाती है। अत: कथन 1 सही है।
- इस फसल को विश्व की 2.1% कृषि योग्य भूमि पर उगाया जाता है तथा यह विश्व की 27% वस्त्र आवश्यकताओं को पूरा करती है।
- तापमान: 21-30 डिग्री सेल्सियस के मध्य।
- वर्षा: लगभग 50-100 सेमी.।
- मिट्टी का प्रकार: बेहतर जल निकासी वाली काली कपासी मिट्टी (रेगुर मिट्टी) (जैसे दक्कन के पठार की मिट्टी) इसके लिये उपयुक्त मानी जाती है। अत: कथन 2 सही है।
- उत्पाद: फाइबर, तेल और पशु चारा।
- शीर्ष कपास उत्पादक देश: चीन > भारत > यूएसए
- भारत में शीर्ष कपास उत्पादक राज्य: गुजरात> महाराष्ट्र> तेलंगाना> आंध्र प्रदेश> राजस्थान। अत: कथन 3 सही है।

2.

उत्तर: D

व्याख्या:

राष्ट्रमंडल:

- यह उन देशों का एक अंतर्राष्ट्रीय अंतर-सरकारी संगठन है जो ज़्यादातर ब्रिटिश साम्राज्य और उस पर निर्भर क्षेत्र थे।
- इसकी स्थापना वर्ष 1949 में लंदन घोषणापत्र द्वारा की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- महारानी एलिजाबेथ द्वितीय राष्ट्रमंडल की प्रमुख हैं। अत: कथन 2 सही है।
- वर्तमान में 54 देश इसके सदस्य हैं। यह सदस्यता स्वतंत्र और समान स्वैच्छिक सहयोग पर आधारित है। अत: कथन 3 सही है।
    - यह 2.5 अरब लोगों का आश्रय स्थल है, इसमें उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ और विकासशील देश दोनों शामिल हैं।
- वर्ष 2009 में राष्ट्रमंडल में शामिल होने वाला अंतिम देश रवांडा था।
- राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक को राष्ट्रमंडल देशों के शासनाध्यक्षों की द्विवार्षिक शिखर बैठक कहा जाता है।

3.

उत्तर: D

व्याख्या:

- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) द्वारा रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (RPL) कार्यक्रम की मान्यता लागू की जा रही है। अत: कथन 1 सही है।
    - इसका उद्देश्य कौशल विकास कार्यक्रमों की बेहतर योजना और कार्यान्वयन हेतु विकेंद्रीकरण एवं स्थानीय शासन को बढ़ावा देना है।
    - यह एक औपचारिक व्यवस्था के बाहर रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग है और व्यक्ति को उसके  कौशल हेतु सरकारी प्रमाणपत्र प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही है।
- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तत्त्वावधान में काम करने वाली एक सार्वजनिक-निजी-साझेदारी है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

- NSDC का उद्देश्य गुणवत्ता और लाभ के लिये बड़े व्यावसायिक संस्थानों के निर्माण को प्रोत्साहित कर कौशल विकास को बढ़ावा देना है। यह कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने वाले उद्यम, कंपनियों और संगठनों को धन प्रदान कर कौशल विकास में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है।
- NSDC देश में कौशल प्रशिक्षण के लिये कार्यान्वयन एजेंसी है।

4.

उत्तर: A

व्याख्या

- लिथियम के गुण:
  - यह एक रासायनिक तत्त्व है जिसका प्रतीक Li है।
  - यह एक नरम तथा चांदी के समान सफेद धातु है।
  - मानक परिस्थितियों में यह सबसे हल्की धातु और सबसे हल्का ठोस तत्त्व है।
  - यह अत्यधिक प्रतिक्रियाशील और ज्वलनशील है, अत: इसे खनिज तेल के रूप में संगृहीत किया जाना चाहिये।
  - लिथियम नया 'सफेद सोना' (White Gold) बन गया है क्योंकि उच्च-क्षमता वाली रिचार्जेबल बैटरी में उपयोग के कारण इसकी मांग बढ़ रही है।
  - उभरती वैश्विक लिथियम मांग और बढ़ती कीमतों ने तथाकथित 'लिथियम ट्रायंगल' जिसमें अर्जेंटीना, बोलीविया और चिली के कुछ हिस्से शामिल हैं, के प्रति रुचि बढ़ा दी है। अत: विकल्प A सही है।

5.

उत्तर: A

व्याख्या

- उभरती वैश्विक लिथियम मांग और बढ़ती कीमतों ने तथाकथित 'लिथियम ट्रायंगल' जिसमें अर्जेंटीना, बोलीविया और चिली के कुछ हिस्से शामिल हैं, के प्रति रुचि बढ़ा दी है। 'लिथियम ट्रायंगल' में दुनिया का 75% से अधिक लिथियम भंडार मौजूद है। अत: विकल्प A सही है।

6.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV) शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में सीडी4 (CD4) नामक श्वेत रक्त कोशिका (टी-सेल्स) पर हमला करता है। ये वे कोशिकाएँ होती हैं जो शरीर की अन्य कोशिकाओं में विसंगतियों और संक्रमण का पता लगाती हैं। अत: कथन 1 सही है।
- शरीर में प्रवेश करने के बाद HIV की संख्या बढ़ती जाती है और कुछ ही समय में वह CD4 कोशिकाओं को नष्ट कर देता है एवं मानव प्रतिरक्षा प्रणाली को गंभीर रूप से नुकसान पहुँचाता है। विदित हो कि एक बार जब यह वायरस शरीर में प्रवेश कर जाता है, तो इसे पूर्णत: समाप्त करना काफी मुश्किल है। अत: कथन 2 सही है।

  HIV से संक्रमित व्यक्ति की CD4 कोशिकाओं में काफी कमी आ जाती है। ज्ञातव्य है कि एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में इन कोशिकाओं की संख्या 500-1600 के बीच होती है, परंतु HIV से संक्रमित लोगों में CD4 कोशिकाओं की संख्या 200 से भी नीचे जा सकती है।

7.

उत्तर: A

व्याख्या:

- केंद्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) की स्थापना वर्ष 1963 में गृह मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी।
  - भ्रष्टाचार की रोकथाम पर संथानम समिति (1962-1964) द्वारा CBI की स्थापना की सिफारिश की गई थी।
  - CBI केंद्र सरकार की प्रमुख जाँच एजेंसी है।

नोट :

- केंद्रीय सतर्कता आयोग (Central Vigilance Commission-CVC) एक शीर्षस्थ सतर्कता संस्थान है जो किसी भी कार्यकारी प्राधिकारी के नियंत्रण से मुक्त है तथा केंद्रीय सरकार के अंतर्गत सभी सतर्कता गतिविधियों की निगरानी करता है।
  - वर्ष 1964 में के. संथानम की अध्यक्षता वाली भ्रष्टाचार निरोधक समिति (Committee on Prevention of Corruption) की सिफारिशों पर सरकार द्वारा CVC की स्थापना की गई थी।
  - यह एक स्वतंत्र निकाय है जो केवल संसद के प्रति ज़िम्मेदार है।
- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की स्थापना केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत वर्ष 1986 में इस उद्देश्य से की गई थी कि भारतीय पुलिस में कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिये पुलिस तंत्र को सूचना प्रौद्योगिकी समाधान और आपराधिक गुप्त सूचनाएँ प्रदान करके समर्थ बनाया जा सके।
  - यह राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और गृह मंत्रालय के कार्य बल (1985) की सिफारिशों के आधार पर स्थापित किया गया था।
- लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 ने राष्ट्रीय स्तर पर लोकपाल की स्थापना का प्रावधान किया।
  - वे एक "लोकपाल" के रूप में कार्य करते हैं और कुछ सार्वजनिक पदाधिकारियों के खिलाफ और संबंधित मामलों के लिये भ्रष्टाचार के आरोपों की जाँच करते हैं।
  - 1966 में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग (एआरसी) ने सांसदों सहित सार्वजनिक पदाधिकारियों के खिलाफ शिकायतों को देखने के लिये दो स्वतंत्र प्राधिकरणों- केंद्रीय और राज्य स्तर पर स्थापित करने की सिफारिश की।
  - वर्ष 2002 में एम.एन. वेंकटचलैया की अध्यक्षता में गठित एक आयोग ने लोकपाल और लोकायुक्तों की नियुक्ति की सिफारिश की।
  - 2005 में वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में द्वितीय एआरसी ने भी लोकपाल की स्थापना की सिफारिश की। अत: विकल्प A सही है ।

8.

उत्तर: D

व्याख्या:

- ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग (ZBNF) मूल रूप से महाराष्ट्र के एक किसान सुभाष पालेकर द्वारा विकसित रसायन मुक्त कृषि (Chemical-Free Farming) का एक रूप है। यह विधि कृषि की पारंपरिक भारतीय प्रथाओं पर आधारित है।
- इस विधि में कृषि लागत जैसे कि उर्वरक, कीटनाशक और गहन सिंचाई की कोई आवश्यकता नहीं होती है। जिससे कृषि लागत में आश्चर्यजनक रूप से गिरावट आती है, इसलिये इसे ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग का नाम दिया गया है।
- ZBNF 4 स्तंभों पर आधारित है:
  - जीवामृत: इसमें पालतू पशुओं के गोबर, मल-मूत्र आदि को किण्वित करके उपयोग में लाया जाता है। इससे मिट्टी में सूक्ष्म जीवों को एक अनुकूल स्थिति प्राप्त होती है।
  - बीजामृत: इसमें भी जीवामृत के समान सामग्री होती है। यह अंकुरों को मिट्टी एवं बीज जनित बीमारियों से बचाती है।
  - आच्छादन (Mulching): इसके माध्यम से मृदा में आद्रता तथा वातन (Aeration) में सहायता मिलती है।
  - वापासा/वाष्प (Moisture): वाष्प एक ऐसी स्थिति है जिसमें वायु एवं जल के कण मृदा में उपस्थित होते हैं। इससे अति सिंचाई में कमी आती है तथा कम समय के लिये ही निश्चित अंतराल पर सिंचाई की आवश्यकता होती है। अत: विकल्प D सही है।

9.

उत्तर: A

व्याख्या:

- केंद्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) की स्थापना वर्ष 1963 में गृह मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी।
  - अब CBI कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (Department of Personnel and Training-DoPT) के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- भ्रष्टाचार की रोकथाम पर संथानम समिति (1962-1964) द्वारा CBI की स्थापना की सिफारिश की गई थी। अत: कथन 2 सही है।
- CBI एक वैधानिक निकाय नहीं है। यह दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 से अपनी शक्तियाँ प्राप्त करता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- सीबीआई केंद्र सरकार की प्रमुख जाँच एजेंसी है।
- यह केंद्रीय सतर्कता आयोग और लोकपाल को भी सहायता प्रदान करता है।

10.

उत्तर: C

व्याख्या

- श्रम ब्यूरो द्वारा 'ऑल-इंडिया क्वार्टरली इस्टैब्लिशमेंट-बेस्ड एम्प्लॉयमेंट सर्वे' को नौ चयनित क्षेत्रों के संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में रोज़गार एवं प्रतिष्ठानों के संबंध में तिमाही आधार पर अद्यतन करने के लिये आयोजित किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - 9 क्षेत्र विनिर्माण, निर्माण, व्यापार, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रेस्तराँ, आईटी/बीपीओ, वित्तीय सेवा गतिविधियाँ हैं।
- घटक:
  - त्रैमासिक रोज़गार सर्वेक्षण (QES): यह 10 या उससे अधिक श्रमिकों को रोज़गार देने वाले प्रतिष्ठानों का सर्वेक्षण करता है।
    - संशोधित QES का आयोजन पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2021) के दौरान किया गया था।
    - पेरोल डेटा के साथ संख्या में अंतर का हवाला देते हुए वर्ष 2018 में QES के पुराने संस्करण को निलंबित कर दिया गया था।
  - 'एरिया फ्रेम इस्टैब्लिशमेंट सर्वे' (AFES): यह नमूना सर्वेक्षण के माध्यम से असंगठित क्षेत्र (10 से कम श्रमिकों के साथ) को कवर करता है। अत: कथन 2 सही है।

11.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में सरकार ने वर्ष 2027-28 तक सात वर्षों की अवधि के लिये 4,445 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइट्स में सात 'पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल' (PM Mega Integrated Textile Region and Apparel- PM MITRA) पार्कों की स्थापना को मंज़ूरी दे दी है।
- 'पीएम मित्र' पार्क को सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) मोड में एक विशेष प्रयोजन वाहन (Special Purpose Vehicle-SPV) के ज़रिये विकसित किया जाएगा, जिसका स्वामित्व केंद्र और राज्य सरकार के पास होगा।
- प्रत्येक 'मित्र' पार्क में एक इन्क्यूबेशन सेंटर, कॉमन प्रोसेसिंग हाउस और एक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट तथा अन्य टेक्सटाइल संबंधी सुविधाएँ जैसे- डिज़ाइन सेंटर एवं टेस्टिंग सेंटर होंगे। अत: विकल्प A सही है।

12.

उत्तर: A

व्याख्या

- नगालैंड भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक राज्य है, जिसे 'नगालैंड राज्य अधिनियम, 1962' द्वारा राज्य का दर्जा दिया गया था।
- यह पूर्वोत्तर में अरुणाचल प्रदेश, दक्षिण में मणिपुर एवं पश्चिम तथा उत्तर-पश्चिम में असम और पूर्व में म्याँमार (बर्मा) से घिरा है। राज्य की राजधानी 'कोहिमा' है, जो नगालैंड के दक्षिणी भाग में स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
- कृषि क्षेत्र, राज्य की आबादी के लगभग नौवें-दसवें हिस्से को रोज़गार देता है। चावल, मक्का, छोटी बाजरा, दालें (फलियाँ), तिलहन, फाइबर, गन्ना, आलू और तंबाकू प्रमुख फसलें हैं।
- 'कोन्याक' सबसे बड़ी जनजाति है, इसके बाद आओस, तांगखुल, सेमास और अंगमी आते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - अन्य जनजातियों में लोथा, संगतम, फॉम, चांग, खिम हंगामा, यिमचुंगर, ज़ेलिआंग, चाखेसांग (चोकरी) और रेंगमा शामिल हैं।

नोट :

13.

उत्तर: C

व्याख्या

- पाइका (उच्चारण 'पाइको', शाब्दिक रूप से 'पैदल सैनिक') 16वीं शताब्दी के बाद से ओडिशा में राजाओं द्वारा विभिन्न सामाजिक समूहों से वंशानुगत कर-मुक्त भूमि (निश-कर जागीर) और उपाधियों के बदले सैन्य सेवाएँ प्रदान करने के लिये भर्ती किया गया वर्ग था।
- वर्ष 1817 का पाइका विद्रोह वर्ष 1857 के पहले सिपाही विद्रोह से लगभग 40 वर्ष पूर्व हुआ था।
  - बक्शी जगबंधु विद्याधर महापात्र भरमारबार राय, मुकुंद देव द्वितीय के सर्वोच्च सैन्य जनरल और रोडंगा एस्टेट के पूर्व धारक ने कोंधों के विद्रोह में शामिल होकर पाइका की एक सेना का नेतृत्व किया। उन्होंने 2 अप्रैल, 1817 को अंग्रेज़ों का सामना किया।
- हाल ही में केंद्र सरकार ने कहा कि पाइका विद्रोह (Paika Rebellion) को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम नहीं कहा जा सकता।
  - यह भी सुझाव दिया गया है कि इसे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) की कक्षा 8 की इतिहास की पाठ्यपुस्तक में केस स्टडी के रूप में शामिल किया जाए।
  - वर्ष 2017 में पहली बार ओडिशा राज्य मंत्रिमंडल ने पाइका विद्रोह को पहले स्वतंत्रता संग्राम के रूप में घोषित करने हेतु केंद्र से आग्रह करने का प्रस्ताव पारित किया था। अत: विकल्प C सही है।

14.

उत्तर: C

व्याख्या:

- प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) योजना भारतीय उद्योगों में ऊर्जा दक्षता में सुधार लाने और ग्रीनहाउस गैस को कम करने के लिये शुरू की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- ऊर्जा दक्षता के राष्ट्रीय मिशन के तहत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (Bureau of Energy Efficiency- BEE) द्वारा PAT के लिये वर्ष 2011 में भारत में ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र (Energy Savings Certificates- ESCerts)) प्रस्तुत किये गए थे। अत: कथन 2 सही है।
  - NMEEE वर्ष 2008 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना (NAPCC) के तहत आठ राष्ट्रीय मिशनों में से एक है।
- अंडर अचीवर्स (Underachievers) द्वारा ESCerts की खरीद दो पावर एक्सचेंजों - इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (IEX) और पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड (पीएक्सआईएल) के माध्यम से की जाती है।
  - इस योजना में भाग लेने वाले उद्योगों को नामित खरीदार (Designated Shoppers) कहा जाता है।
- PAT में शामिल 13 ऊर्जा-गहन क्षेत्र: थर्मल पावर प्लांट (TPP), सीमेंट, एल्युमीनियम, लोहा और इस्पात, लुगदी तथा कागज़, उर्वरक, क्लोर-क्षार, पेट्रोलियम रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल्स, वितरण कंपनियाँ, रेलवे, कपड़ा एवं वाणिज्यिक भवन (होटल व हवाई अड्डे)।

15.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में वर्ल्डवाइड कॉस्ट ऑफ लिविंग रिपोर्ट जारी की गई है जिसमें बताया गया है कि तेल अवीव (इज़रायल की राजधानी) रहने के लिये दुनिया का सबसे महँगा शहर है। अत: कथन 2 सही है।
  - पेरिस और सिंगापुर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, उसके बाद ज्यूरिख और हॉन्गकॉन्ग का स्थान है। इस सूची में न्यूयॉर्क छठे स्थान पर तथा जिनेवा सातवें स्थान पर है।
- यह रिपोर्ट इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (Economist Intelligence Unit) द्वारा संकलित की गई है। यह विभिन्न शहरों में रहने के संकेतकों की लागत की तुलना करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- सूचकांक को न्यूयॉर्क शहर में कीमतों के मुकाबले बेंचमार्क किया गया है, इसलिये अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मज़बूत मुद्राओं वाले शहरों की रैंकिंग में उच्च दिखाई देने की संभावना है।

- भारतीय परिदृश्य: सर्वेक्षण में भारत के अहमदाबाद (गुजरात) को शीर्ष दस सबसे सस्ते शहरों में सूचीबद्ध किया गया है। अत: कथन 3 सही है।
  - सबसे सस्ते शहरों में दमिश्क (सीरिया की राजधानी) शीर्ष पर है। इसके बाद सबसे सस्ते शहरों की रैंकिंग में त्रिपोली (लीबिया), ताशकंद (उज़्बेकिस्तान), ट्यूनिस (ट्यूनीशिया) और अल्माटी (कज़ाखस्तान) का स्थान है।

16.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में सरकार ने वेतन दर सूचकांक (WRI) के लिये आधार वर्ष को संशोधित कर 2016 कर दिया है जो 1963-65 के आधार वर्ष से संबंधित पुरानी शृंखला को परिवर्तित करेगा। अत: कथन 2 सही है।
  - वेतन दर सूचकांक संख्या समय की अवधि में वेतन दरों में सापेक्ष परिवर्तनों को मापती है, किसी उद्योग में उच्च या निम्न वेतन दर सूचकांक अन्य उद्योगों की तुलना में उस उद्योग में उच्च या निम्न वेतन दर को इंगित नहीं करता है।
  - एक आधार वर्ष एक आर्थिक या वित्तीय सूचकांक में वर्षों की शृंखला में से पहला वर्ष होता है और आमतौर पर इसे 100 के स्वैच्छिक स्तर पर निर्धारित किया जाता है।
- श्रम और रोज़गार मंत्रालय ने आधार वर्ष 2016 के साथ वेतन दर सूचकांक (डब्ल्यूआरआई) की एक नई शृंखला जारी की है, जिसे मंत्रालय के एक संलग्न कार्यालय श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित और अनुरक्षित किया जा रहा है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग की सिफारिशों पर आधारित है।
- WRI पर नई शृंखला मौजूदा वार्षिक शृंखला के स्थान पर अर्द्धवार्षिक आधार पर (हर वर्ष जनवरी और जुलाई में) संकलित की गई है।
  - नए WRI बास्केट में (2016=100) पुरानी WRI शृंखला (1963-65=100) की तुलना में व्यवसायों और उद्योगों के मामले में दायरे और कवरेज को बढ़ाया गया है।
  - नई शृंखला में शामिल किये गए 37 उद्योगों में कपड़ा वस्त्र, जूते और पेट्रोलियम सहित विनिर्माण क्षेत्र के 16 नए उद्योगों को जोड़ा गया है।
  - नई शृंखला में खनन क्षेत्र को तीन अलग-अलग प्रकार के खनन अर्थात् कोयला, धातु और तेल का अधिक प्रतिनिधित्व प्रदान करने हेतु नए 'बास्केट' में अभ्रक खदान उद्योग के स्थान पर तेल खनन उद्योग को प्रतिस्थापित किया गया है। अत: कथन 3 सही है।
  - कुल 3 बागान उद्योग- चाय, कॉफी और रबर को नए WRI बास्केट में जोड़ा गया है।
  - शीर्ष पाँच उद्योगों- मोटर वाहन, कोयले की खदानें, कपड़ा, लोहा और इस्पात तथा सूती वस्त्र का समग्र तौर पर 46% हिस्सा है।

17.

उत्तर: B

व्याख्या:

- संविधान का अनुच्छेद 217: यह कहता है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI), राज्य के राज्यपाल के परामर्श से की जाएगी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - मुख्य न्यायाधीश के अलावा किसी अन्य न्यायाधीश की नियुक्ति के मामले में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया जाता है।
  - उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं।
- परामर्श प्रक्रिया: उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सिफारिश एक कॉलेजियम द्वारा की जाती है जिसमें CJI और दो वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - यह प्रस्ताव दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा दिया जाता है।

नोट :

- सिफारिश मुख्यमंत्री को भेजी जाती है, जो केंद्रीय कानून मंत्री को इस प्रस्ताव को राज्यपाल के पास भेजने की सलाह देता है।
- उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति इस नीति के आधार पर की जाती है कि राज्य का मुख्य न्यायाधीश संबंधित राज्य से बाहर का होगा।

18.

उत्तर: D

व्याख्या:

- अनुच्छेद 2: संसद कानून बनाकर नए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की स्थापना ऐसे नियमों और शर्तों पर कर सकती है, जो वह ठीक समझे। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - हालाँकि संसद कानून पारित करके एक नया केंद्रशासित प्रदेश नहीं बना सकती है, यह कार्य केवल संवैधानिक संशोधन के माध्यम से ही किया जा सकता है।
  - सिक्किम जैसे राज्य (पहले भारत के भीतर नहीं) अनुच्छेद 2 के तहत देश का हिस्सा बनाया गया है।
- अनुच्छेद 3: इसके तहत संसद को नए राज्यों के गठन और मौजूदा राज्यों के परिवर्तन से संबंधित कानून बनाने का अधिकार दिया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

19

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'लोक लेखा समिति' तीन वित्तीय संसदीय समितियों में से एक है; अन्य दो समितियाँ हैं- प्राक्कलन समिति और सार्वजनिक उपक्रम समिति।
- संसदीय समितियाँ अनुच्छेद-105 (संसद सदस्यों के विशेषाधिकार) और अनुच्छेद-118 (संसद की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन को विनियमित करने हेतु नियम बनाने के अधिकार) से शक्तियाँ प्राप्त करती हैं।
- लोक लेखा समिति को वर्ष 1921 में 'भारत सरकार अधिनियम, 1919' के माध्यम से गठित किया गया था, जिसे 'मोंटफोर्ड सुधार' भी कहा जाता है।
- इसमें वर्तमान में केवल एक वर्ष की अवधि के साथ 22 सदस्य (लोकसभा अध्यक्ष द्वारा चुने गए 15 सदस्य और राज्यसभा के सभापति द्वारा चुने गए 7 सदस्य) शामिल होते हैं।
- इसे यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था कि संसद द्वारा सरकार को दिया गया धन विशिष्ट और निश्चित मद पर ही खर्च किया जाए। केंद्र सरकार के किसी भी मंत्री को इस समिति में सदस्य के तौर पर शामिल नहीं किया जा सकता है। अत: विकल्प A सही है।

20.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में त्रिपुरा में कई आदिवासी संगठनों ने क्षेत्र में स्वदेशी समुदायों के लिये एक अलग राज्य ग्रेटर टिपरालैंड की मांग के लिये हाथ मिलाया है।
  - टिपरा (TIPRA) मोथा (टिपरा इंडिजिनस प्रोग्रेसिव रीजनल अलायंस) और IPFT (इंडिजिनस पीपल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) ने इस उद्देश्य के लिये एक राजनीतिक दलों का गठन किया है।
- त्रिपुरा 13वीं शताब्दी के अंत से वर्ष 1949 में भारत सरकार के साथ विलय पर हस्ताक्षर करने तक माणिक्य वंश द्वारा शासित एक राज्य था। अत: विकल्प B सही है।
- संयुक्त मंच ने यह भी बताया है कि स्वदेशी लोगों को न केवल अल्पसंख्यक में बदल दिया गया है, बल्कि माणिक्य वंश के अंतिम राजा बीर बिक्रम किशोर देबबर्मन द्वारा उनके लिये आरक्षित भूमि से भी उन्हें बेदखल कर दिया गया है।

नोट :

21.

उत्तर: A

व्याख्या:

- परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (ARC) एक विशेष वित्तीय संस्थान है जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों से 'नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स' (NPA) खरीदता है ताकि वे अपनी बैलेंसशीट को स्वच्छ रख सकें। अत: कथन 1 सही है।
  - यह बैंकों को सामान्य बैंकिंग गतिविधियों में ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। बैंकों द्वारा बकाएदारों पर अपना समय और प्रयास बर्बाद करने के बजाय वे ARC को अपना NPAs पारस्परिक रूप से सहमत मूल्य पर बेच सकते हैं।
  - सरफेसी अधिनियम, 2002 भारत में ARCs की स्थापना के लिये कानूनी आधार प्रदान करता है।
- वर्तमान में, कृषि क्षेत्र में NPAs से निपटने के लिये न तो एक एकीकृत तंत्र है और न ही एक भी कानून है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - कृषि एक राज्य का विषय होने के कारण, वसूली कानून, जहाँ कहीं भी कृषि भूमि को संपार्श्विक के रूप में पेश किया जाता है- अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग होते हैं।

22.

उत्तर: D

व्याख्या

- वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ऑपरेशन ट्राइडेंट में भारतीय नौसेना के जवाबी हमले को चिह्नित करने के लिये प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है।
  - यह वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान कराची बंदरगाह पर भारतीय नौसेना द्वारा किया गया जवाबी हमला था।
  - भारत ने इस ऑपरेशन के दौरान पहली बार एंटी-शिप मिसाइलों का इस्तेमाल किया और पाकिस्तानी विध्वंसक जहाज़ 'पीएनएस खैबर' को नष्ट कर दिया था। अत: कथन 1 सही है।
- भारतीय नौसेना की अध्यक्षता सर्वोच्च कमांडर के रूप में भारत के राष्ट्रपति करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- भारतीय नौसेना का आदर्श वाक्य है- 'शं नो वरुण:' अर्थात् 'जल के देवता वरुण हमारे लिये शुभ हों।' अत: कथन 3 सही है।

23.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 124ए के तहत देशद्रोह एक अपराध है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 1962 में केदार नाथ सिंह बनाम बिहार राज्य मामले में धारा 124A की संवैधानिकता पर अपना निर्णय दिया। इसने देशद्रोह की संवैधानिकता को बरकरार रखा लेकिन इसे अव्यवस्था पैदा करने का इरादा, कानून और व्यवस्था की गड़बड़ी तथा हिंसा के लिये उकसाने की गतिविधियों तक सीमित कर दिया।
  - विद्रोह में वैमनस्य और शत्रुता की सभी भावनाएँ शामिल होती हैं। हालाँकि इस खंड के तहत घृणा या अवमानना फैलाने की कोशिश किये बिना की गई टिप्पणियों को अपराध की श्रेणी में शामिल नहीं किया जाता है।
- राजद्रोह के अपराध हेतु दंड: राजद्रोह गैर-जमानती अपराध है। राजद्रोह के अपराध में तीन वर्ष से लेकर उम्रकैद तक की सज़ा हो सकती है और इसके साथ ज़ुर्माना भी लगाया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
  - इस कानून के तहत आरोपित व्यक्ति को सरकारी नौकरी प्राप्त करने से रोका जा सकता है। अत: कथन 3 सही है।
  - आरोपित व्यक्ति को पासपोर्ट के बिना रहना होता है, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर उसे न्यायालय में पेश होना ज़रूरी है।

नोट :

24.

उत्तर: A

व्याख्या

- वर्ल्ड प्रोग्राम फॉर एक्शन (WPA): यह विकलांगता की रोकथाम, पुनर्वास और अवसरों की समानता को बढ़ावा देने हेतु एक वैश्विक रणनीति है, जो विकलांगता को सामाजिक जीवन तथा राष्ट्रीय विकास के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता पर भी बल देता है। 'वर्ल्ड प्रोग्राम फॉर एक्शन' दिव्यांगता को मानवाधिकार के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता पर भी ज़ोर देता है। अत: विकल्प A सही है।

25.

उत्तर: A

व्याख्या:

- श्रम और रोज़गार मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (PM-SYM) पेंशन योजना के तहत लगभग 46 लाख असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है।
  - PM-SYM श्रम और रोज़गार मंत्रालय द्वारा प्रशासित एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है और भारतीय जीवन बीमा निगम तथा सामुदायिक सेवा केंद्रों (CSC) के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। अत: कथन 1 सही है।
  - जीवन बीमा निगम (LIC) पेंशन फंड मैनेजर (Pension Fund Manager) होगी और पेंशन भुगतान के लिये उत्तरदायी होगी।
- पात्रता:
  - एक असंगठित श्रमिक (UW) होना चाहिये।
  - मासिक आय 15000 रुपए या उससे कम।
  - प्रवेश आयु 18 से 40 वर्ष के बीच। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - मोबाइल फोन, बचत बैंक खाता और आधार नंबर होना चाहिये।
  - नई पेंशन योजना (NPS), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के लाभ के अंतर्गत कवर न किया गया हो।
  - आयकर दाता नहीं होना चाहिये।

26.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत और मालदीव वर्ष 2009 से अभ्यास 'एकुवेरिन' का आयोजन कर रहे हैं, मालदीव की भाषा में इसका अर्थ 'मित्र' है।
  - हाल ही में भारत और मालदीव के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'एकुवेरिन' के 11वें संस्करण का आयोजन मालदीव के कढधू द्वीप में शुरू किया गया है।
- 14 दिनों का संयुक्त अभ्यास भारत और मालदीव में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है।
- यह संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत एक अर्द्ध-नगरीय क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों को अंजाम देने के लिये दोनों देशों के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाने पर केंद्रित है। अत: विकल्प C सही है।

27.

उत्तर: D

व्याख्या:

- शिवाजी का जन्म 19 फरवरी, 1630 को वर्तमान महाराष्ट्र राज्य में पुणे ज़िले के शिवनेरी किले में हुआ था।
- आरंभिक जीवन:
  - इन्होंने वर्ष 1645 में पहली बार अपने सैन्य उत्साह का प्रदर्शन किया, जब किशोर उम्र में ही इन्होंने बीजापुर के अधीन तोरण किले (Torna Fort) पर सफलतापूर्वक नियंत्रण प्राप्त कर लिया।

नोट :

- इन्होंने कोंडाना किले (Kondana Fort) पर भी अधिकार किया। ये दोनों किले बीजापुर के आदिल शाह के अधीन थे।
- महत्त्वपूर्ण युद्ध :
    - संगमनेर का युद्ध, वर्ष 1679 में मुगल साम्राज्य और मराठा साम्राज्य के बीच लड़ा गया। यह आखिरी युद्ध था जिसमें मराठा राजा शिवाजी लड़े थे।
- महत्त्वपूर्ण संधियाँ:
    - जून 1665 में शिवाजी और राजा जय सिंह प्रथम (औरंगजेब का प्रतिनिधित्व) के बीच पुरंदर की संधि (Treaty of Purandar) पर हस्ताक्षर किये गए।
        - इस संधि के अनुसार, मराठों को कई किले मुगलों को देने पड़े और शिवाजी, औरंगज़ेब से आगरा में मिलने के लिये सहमत हुए। शिवाजी अपने पुत्र संभाजी को भी आगरा भेजने के लिये तैयार हो गए।

दी गई उपाधि:

- इन्होंने छत्रपति, शाककार्ता, क्षत्रिय कुलवंत और हैंदव धर्मोधारक की उपाधि धारण की थी। अत: विकल्प D सही है।

28.

उत्तर: D

व्याख्या:

गिरफ्तारी से संबंधित संवैधानिक प्रावधान

- अनुच्छेद 22 गिरफ्तार या हिरासत (निरोध) में लिये गए व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करता है। निरोध दो प्रकार का होता है- दंडात्मक और निवारक।
    - दंडात्मक निरोध का आशय किसी व्यक्ति को उसके द्वारा किये गए अपराध के लिये अदालत में मुकदमे और दोषसिद्धि के बाद दंडित करने से है।
    - वहीं दूसरी ओर, निवारक निरोध का अर्थ किसी व्यक्ति को बिना किसी मुकदमे और अदालत द्वारा दोषसिद्धि के हिरासत में लेने से है।
- अनुच्छेद 22 के दो भाग हैं- पहला भाग साधारण कानून के मामलों से संबंधित है और दूसरा भाग निवारक निरोध कानून के मामलों से संबंधित है। अत: विकल्प D सही है।

29.

उत्तर: C

व्याख्या:

- काला सागर पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है।
- यह दक्षिण, पूर्व और उत्तर में क्रमश: पोंटिक, काकेशस और क्रीमियन की पहाड़ियों से घिरा हुआ है।
- काला सागर भी कर्च जलडमरूमध्य द्वारा आज़ोव सागर से जुड़ा हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
- तुर्की जलडमरूमध्य प्रणाली- डारडेनेल्स, बोस्फोरस और मरमारा सागर- भूमध्यसागर तथा काला सागर के बीच एक ट्रांज़ीशन ज़ोन के रूप में कार्य करती है। अत: कथन 2 सही है।
- काला सागर के सीमावर्ती देशों में- रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया शामिल हैं।
- काला सागर के जल में ऑक्सीजन की भारी कमी है।

30.

उत्तर: D

व्याख्या:

बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में:

- वर्ष 1920 में उन्होंने एक पाक्षिक (15 दिन की अवधि में छपने वाला) समाचार पत्र 'मूकनायक' (Mooknayak) की शुरुआत की जिसने एक मुखर और संगठित दलित राजनीति की नींव रखी। अत: कथन 1 सही है।

- उन्होंने बहिष्कृत हितकारिणी सभा (1923) की स्थापना की, जो दलितों के बीच शिक्षा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित थी।
- हिंदुओं के प्रतिगामी रिवाज़ों को चुनौती देने के लिये मार्च 1927 में उन्होंने महाड़ सत्याग्रह (Mahad Satyagraha) का नेतृत्त्व किया।
- वर्ष 1930 के कालाराम मंदिर आंदोलन में अंबेडकर ने कालाराम मंदिर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, क्योंकि दलितों को इस मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया जाता था। इसने भारत में दलित आंदोलन शुरू करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। अत: कथन 2 सही है।
- उन्होंने तीनों गोलमेज सम्मेलनों (Round-Table Conferences) में भाग लिया।
- वर्ष 1932 में उन्होंने महात्मा गांधी के साथ पूना समझौते (Poona Pact) पर हस्ताक्षर किये, जिसके परिणामस्वरूप वंचित वर्गों के लिये अलग निर्वाचक मंडल (सांप्रदायिक पंचाट) के विचार को त्याग दिया गया।
- उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मंत्रिमंडल में कानून मंत्री बनने के प्रधानमंत्री नेहरू के आमंत्रण को स्वीकार किया। अत: कथन 3 सही है।

31.

उत्तर: A

व्याख्या

विश्व असमानता रिपोर्ट-2022

- यह रिपोर्ट 'वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब' द्वारा जारी की गई है, जिसका उद्देश्य वैश्विक असमानता गतिशीलता पर अनुसंधान को बढ़ावा देना है। अत: विकल्प A सही है।
- यह रिपोर्ट वैश्विक असमानताओं को ट्रैक करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयासों का सबसे अपडेटेड संश्लेषण प्रस्तुत करती है।
- दुनिया की सबसे गरीब आधी आबादी के पास 'मुश्किल से कोई संपत्ति है' (कुल संपत्ति का मात्र 2%), जबकि दुनिया की सबसे अमीर 10% आबादी के पास कुल संपत्ति का 76% हिस्सा मौजूद है।

  भारत एक गरीब और अत्यधिक असमान देश है। शीर्ष 1% आबादी के पास वर्ष 2021 में कुल राष्ट्रीय आय का पाँचवाँ मौजूद था और नीचे के आधे हिस्से के पास मात्र 13% हिस्सा था।

32.

उत्तर: C

व्याख्या:

- पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र (ESA) संरक्षित क्षेत्रों, राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आसपास 10 किलोमीटर के भीतर स्थित क्षेत्र होता है। अत: कथन 1 सही है।
- पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Ministry of Environment, Forest and Climate Change- MoEFCC) द्वारा ESAs को अधिसूचित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- इसका मूल उद्देश्य राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आसपास कुछ गतिविधियों को विनियमित करना है ताकि संरक्षित क्षेत्रों के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र पर ऐसी गतिविधियों के नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सके।

33.

उत्तर: C

व्याख्या:

- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का गठन भारत सरकार द्वारा 1986 में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के तहत किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
  - यह गृह मंत्रालय के तहत सर्वोच्च समन्वय एजेंसी है।
- मादक औषधियों और मन:प्रभावी पदार्थों पर राष्ट्रीय नीति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 47 पर आधारित है, जो राज्य को स्वास्थ्य के लिये हानिकारक नशीले पदार्थों के औषधीय प्रयोजनों को छोड़कर, उपभोग पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास करने का निर्देश देती है। अत: कथन 2 सही है।
  - नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर नियंत्रण केंद्र सरकार की ज़िम्मेदारी है।

34.

उत्तर: C

व्याख्या:

- मानवाधिकार परिषद संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर एक अंतर-सरकारी निकाय है जो कि मानव अधिकारों के संवर्द्धन और संरक्षण की दिशा में कार्य करती है। यह संयुक्त राष्ट्र के 47 सदस्य देशों से मिलकर बनी है, जिनका चयन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- सार्वभौमिक आवधिक समीक्षा (UPR) प्रकिया को मानवाधिकार परिषद का सबसे अनूठा प्रयास माना जाता है। इस अनूठे तंत्र के अंतर्गत प्रत्येक चार वर्ष में एक बार संयुक्त राष्ट्र के सभी 192 सदस्य देशों के मानवाधिकार रिकॉर्ड की समीक्षा की जाती है। अत: कथन 2 सही है।
  - मानवाधिकार के लिये उच्चायुक्त का कार्यालय (OHCHR) मानवाधिकार परिषद के सचिवालय के रूप में कार्य करता है।

35.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत के पर्यावरण और वन मंत्रालय ने इन घाटों के संरक्षण की रणनीति हेतु मार्च 2010 में एक विशेषज्ञ पैनल (गाडगिल आयोग) का गठन किया।
  - वर्ष 2011 में प्रकाशित गाडगिल रिपोर्ट ने पश्चिमी घाट की पारिस्थितिक संवेदनशीलता और वहाँ गतिविधियों को प्रतिबंधित करके क्षेत्र की रक्षा करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।
- वर्ष 2013 मेंकेंद्र सरकार द्वारा नियुक्त कस्तूरीरंगन समिति ने पश्चिमी घाटों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसमें पश्चिमी घाट पर्वत शृंखला की रक्षा के लिये छह राज्यों को कई उपाय करने का प्रस्ताव दिया गया था।
- अक्टूबर, 2015 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD) के तहत टी एस आर सुब्रमण्यम समिति का गठन किया गया था। इस समिति की रिपोर्ट एक शिक्षा नीति का प्रस्ताव प्रस्तुत करती है, जो वर्तमान शिक्षा प्रणाली के समक्ष आने वाली चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करती है। अत: विकल्प A सही है।

36.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के लिये बंगाल की खाड़ी पहल के सदस्य देशों हेतु पैनेक्स-21 के लिये एक कर्टन रेज़र इवेंट आयोजित किया गया था।
- यह एक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास है।
  - प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिये संयुक्त योजना को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय सहयोग का निर्माण करना इसका लक्ष्य है।
- इसमें भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्याँमार, श्रीलंका और थाईलैंड के विषय विशेषज्ञ और प्रतिनिधि भाग लेंगे।
  - भारतीय सशस्त्र बलों और विभिन्न नागरिक एजेंसियों द्वारा नियोजित मानवीय सहायता और आपदा राहत (HDR) उपकरणों को प्रदर्शित करने वाला एक बहु-एजेंसी अभ्यास भी होगा। अत: विकल्प A सही है।

37.

उत्तर: D

व्याख्या:

- चक्रवात एक कम दबाव वाला क्षेत्र होता है जिसके आस-पास तेज़ी से इसके केंद्र की ओर वायु परिसंचरण होते हैं। उत्तरी गोलार्द्ध में हवा की दिशा वामावर्त तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिणावर्त होती है।
  - आमतौर चक्रवात पर विनाशकारी तूफान और खराब मौसम के साथ उत्पन्न होते हैं।

नोट :

- उष्णकटिबंधीय चक्रवात: उष्णकटिबंधीय चक्रवात मकर और कर्क रेखा के बीच के क्षेत्र में विकसित होते हैं।
  - वे उष्णकटिबंधीय या उपोष्णकटिबंधीय जल पर विकसित होने वाले बड़े पैमाने पर मौसम प्रणाली हैं, जहाँ वे सतही हवा परिसंचरण में व्यवस्थित हो जाते हैं।
  - विश्व मौसम विज्ञान संगठन 'उष्णकटिबंधीय चक्रवात' शब्द का उपयोग मौसम प्रणालियों को कवर करने के लिये करता है जिसमें पवनें 'गैल फोर्स' (न्यूनतम 63 किमी प्रति घंटे) से अधिक होती हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात: इन्हें शीतोष्ण चक्रवात या मध्य अक्षांश चक्रवात या वताग्री चक्रवात या लहर चक्रवात भी कहा जाता है।अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात समशीतोष्ण क्षेत्रों और उच्च अक्षांश क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं, हालाँकि वे ध्रुवीय क्षेत्रों में उत्पत्ति के कारण जाने जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

38.

उत्तर: D

व्याख्या:

विद्रोह की विफलता के कारण:

- सीमित प्रभाव: विद्रोह मुख्य रूप से दोआब क्षेत्र तक ही सीमित था।
  - बड़ी रियासतें हैदराबाद, मैसूर, त्रावणकोर और कश्मीर तथा राजपूताना इस विद्रोह में शामिल नहीं हुए। अत: कथन 1 सही है।
  - दक्षिणी प्रांतों ने भी इसमें भाग नहीं लिया।
- प्रभावी नेतृत्व का अभाव: विद्रोहियों के बीच एक प्रभावी नेता का अभाव था। हालाँकि नाना साहेब, तात्या टोपे और रानी लक्ष्मीबाई आदि बहादुर नेता थे, लेकिन वे समग्र रूप से आंदोलन को प्रभावी नेतृत्व प्रदान नहीं कर सके। अत: कथन 2 सही है।
- सीमित संसाधन: सत्ताधारी होने के कारण रेल, डाक, तार एवं परिवहन तथा संचार के अन्य सभी साधन अंग्रेज़ों के अधीन थे। इसलिये विद्रोहियों के पास हथियारों और धन की कमी थी।
- मध्य वर्ग की भागीदारी नहीं: अंग्रेज़ी शिक्षा प्राप्त मध्यम वर्ग, बंगाल के अमीर व्यापारियों और ज़मींदारों ने विद्रोह को दबाने में अंग्रेज़ों की मदद की। अत: कथन 3 सही है।

39.

उत्तर: D

व्याख्या:

विद्रोह का परिणाम:

- कंपनी शासन का अंत: विद्रोह ने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के अंत को चिह्नित किया। अत: विकल्प A सही है।
  - इलाहाबाद के एक दरबार में 'लॉर्ड कैनिंग' ने घोषणा की कि भारतीय प्रशासन अब महारानी विक्टोरिया यानी 'ब्रिटिश संसद' के अधीन था।
- धार्मिक सहिष्णुता: अंग्रेज़ों ने यह वादा किया कि वे भारत के लोगों के धर्म एवं सामाजिक रीति-रिवाज़ों और परंपराओं का सम्मान करेंगे।
- प्रशासनिक परिवर्तन: भारत के गवर्नर जनरल के पद को वायसराय के पद से स्थानांतरित किया गया। अत: विकल्प B सही है।
  - भारतीय शासकों के अधिकारों को मान्यता दी गई थी।
  - व्यपगत के सिद्धांत को समाप्त कर दिया गया था। अत: विकल्प C सही है।
  - अपनी रियासतों को दत्तक पुत्रों को सौंपने की छूट दे दी गई थी।
- सैन्य पुनर्गठन: सेना में भारतीय सिपाहियों का अनुपात कम करने और यूरोपीय सिपाहियों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया लेकिन शस्त्रागार ब्रिटिश शासन के हाथों में रहा। बंगाल की सेना के प्रभुत्व को समाप्त करने के लिये यह योजना बनाई गई थी। अत: विकल्प D सही नहीं है।

40.

उत्तर: A

व्याख्या:

- गुरु तेग बहादुर नौवें सिख गुरु थे, जिन्हें अक्सर सिखों द्वारा 'मानवता के रक्षक' (श्रीष्ट-दी-चादर) के रूप में याद किया जाता था।
  - गुरु तेग बहादुर एक महान शिक्षक के अलावा एक उत्कृष्ट योद्धा, विचारक और कवि भी थे, जिन्होंने आध्यात्मिक, ईश्वर, मन और शरीर की प्रकृति के विषय में विस्तृत वर्णन किया।
  - उनके लेखन को पवित्र ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' (Guru Granth Sahib) में 116 काव्यात्मक भजनों के रूप में रखा गया है।
  - ये एक उत्साही यात्री भी थे और उन्होंने पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में उपदेश केंद्र स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
  - इन्होंने ऐसे ही एक मिशन के दौरान पंजाब में चाक-नानकी शहर की स्थापना की, जो बाद में पंजाब के आनंदपुर साहिब का हिस्सा बन गया।
  - गुरु तेग बहादुर को वर्ष 1675 में दिल्ली में मुगल सम्राट औरंगज़ेब के आदेश के बाद मार दिया गया। अत: विकल्प A सही है।

41.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने वर्ष 2021 के दिसंबर माह के लिये मौद्रिक नीति रिपोर्ट (Monetary Policy Report- MPR) जारी की है।
  - मौद्रिक नीति रिपोर्ट को RBI की मौद्रिक नीति समिति (MPC) द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
- MPC विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिये RBI अधिनियम, 1934 के तहत एक वैधानिक और संस्थागत ढाँचा है। अत: कथन 1 सही है।
- MPC, 4% के मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये आवश्यक नीति ब्याज़ दर (रेपो दर) निर्धारित करती है, जिसमें दोनों तरफ 2% अंक होते हैं।
- RBI का गवर्नर MPC का पदेन अध्यक्ष है। अत: कथन 2 सही है।

42.

उत्तर: B

व्याख्या:

- सड़क सुरक्षा पर ब्राज़ीलिया घोषणा (2015):
  - ब्राज़ील में आयोजित सड़क सुरक्षा पर दूसरे वैश्विक उच्च स्तरीय सम्मेलन में ब्राज़ीलिया घोषणा पर हस्ताक्षर किये गए। भारत घोषणापत्र का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है।
  - देशों ने सतत् विकास लक्ष्य 3.6 यानी वर्ष 2030 तक सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली वैश्विक मौतों और दुर्घटनाओं की आधी संख्या हासिल करने की योजना बनाई है। अत: कथन 1 सही नहीं है परंतु कथन 2 सही है।

43.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2021
  - परिचय:
    - इसमें 195 देशों में स्वास्थ्य सुरक्षा और संबंधित क्षमताओं का आकलन और बेंचमार्किंग की गई है।
    - इसे न्यूक्लियर थ्रेट इनिशिएटिव (NTI) और जॉन्स हॉपकिन्स सेंटर की साझेदारी में विकसित किया गया है।

नोट :

- NTI एक गैर-लाभकारी वैश्विक सुरक्षा संगठन है जो मानवता को खतरे में डालने वाले परमाणु एवं जैविक खतरों को कम करने पर केंद्रित है।
- जॉन्स हॉपकिन्स सेंटर सार्वजनिक स्वास्थ्य में संचार की महत्त्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिये बनाया गया था।
  - रैंकिंग के तरीके:
    - वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक छह श्रेणियों में देशों की स्वास्थ्य सुरक्षा और क्षमताओं का आकलन करता है।
    - छह श्रेणियाँ इस प्रकार हैं:
- रोकथाम: रोगजनकों के उद्भव की रोकथाम।
- पता लगाना और रिपोर्टिंग: संभावित अंतर्राष्ट्रीय चिंता की महामारी के लिये प्रारंभिक पहचान और रिपोर्टिंग।
- तीव्र प्रतिक्रिया: एक महामारी के प्रसार की तीव्र प्रतिक्रिया और शमन।
- स्वास्थ्य प्रणाली: बीमारों के इलाज और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिये पर्याप्त और मज़बूत स्वास्थ्य प्रणाली।
- अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का अनुपालन: राष्ट्रीय क्षमता में सुधार के लिये प्रतिबद्धता, कमियों को दूर करने हेतु वित्तीय योजनाओं और वैश्विक मानदंडों का पालन करना।
- पर्यावरण जोखिम: समग्र पर्यावरण जोखिम और जैविक खतरों के प्रति देश की संवेदनशीलता। अत: विकल्प B सही है।

44.

उत्तर: D

व्याख्या

- केन और बेतवा नदियों का उद्‌गम स्थल मध्य प्रदेश में है, ये यमुना की सहायक नदियाँ हैं। अत: कथन 1 सही है।
- केन नदी उत्तर प्रदेश के बांदा ज़िले में यमुना नदी में मिलती है तथा बेतवा नदी से यह उत्तर प्रदेश के हमीरपुर ज़िले में मिलती है।
- राजघाट, पारीछा और माताटीला बाँध बेतवा नदी पर निर्मित हैं।
- केन नदी पन्ना बाघ अभयारण्य से होकर गुज़रती है। अत: कथन 2 सही है।
- हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केन-बेतवा नदियों को जोड़ने की परियोजना के वित्तपोषण और कार्यान्वयन को मंज़ूरी दी है। अत: कथन 3 सही है।

45.

उत्तर: D

व्याख्या

चक्रवर्ती राजगोपालाचारी

- राजाजी के नाम से मशहूर चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म 10 दिसंबर, 1878 को हुआ था।
  - उन्होंने मद्रास (अब चेन्नई) में प्रेसीडेंसी कॉलेज से कानून की पढ़ाई की और वर्ष 1900 में 'सेलम' में अपनी प्रैक्टिस शुरू की।
  - वर्ष 1955 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
  - 25 दिसंबर, 1972 को उनका निधन हो गया।
- स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका:
  - असहयोग आंदोलन: वह महात्मा गांधी से पहली बार वर्ष 1919 में मद्रास (अब चेन्नई) में मिले और गांधी के असहयोग आंदोलन में भाग लिया।
    - वर्ष 1920 में उन्हें वेल्लोर में दो साल की जेल भी हुई थी।
    - जेल से रिहा होने के बाद, उन्होंने गांधी के हिंदू-मुस्लिम सद्भाव और अस्पृश्यता के उन्मूलन के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिये अपना आश्रम खोला।
    - वे खादी के भी समर्थक थे।

नोट :

- वायकोम सत्याग्रह: वे अस्पृश्यता के खिलाफ वायकोम सत्याग्रह आंदोलन (Vaikom Satyagraha Movement) में भी शामिल थे।
- दांडी मार्च: वर्ष 1930 में जब गांधी जी ने नमक कानून तोड़ने के लिये दांडी मार्च का नेतृत्व किया, तो राजगोपालाचारी ने मद्रास प्रेसीडेंसी दांडी मार्च के समर्थन में 'वेदारण्यम' में एक मार्च निकाला। अत: कथन 3 सही है।
  - वह गांधी के अखबार यंग इंडिया के संपादक भी बने।
- भारत छोड़ो आंदोलन: भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, राजगोपालाचारी ने गांधी का विरोध किया।
  - उनका विचार था कि अंग्रेज़ अंतत: देश छोड़ने ही वाले थे तो एक और सत्याग्रह शुरू करना एक अच्छा निर्णय नहीं था। अत: कथन 2 सही है।

- वर्ष 1947 में लॉर्ड माउंटबेटन की अनुपस्थिति के दौरान अंतिम ब्रिटिश वायसराय और स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल राजगोपालाचारी को अस्थायी रूप से पद संभालने के लिये चुना गया था। अत: कथन 1 सही है।

46.

उत्तर: C

व्याख्या:

- SAMPANN (सिस्टम फॉर अकाउंटिंग एंड मैनेजमेंट ऑफ पेंशन) परियोजना को वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था। यह दूरसंचार विभाग के पेंशनभोगियों के लिये एक सहज ऑनलाइन पेंशन प्रसंस्करण और भुगतान प्रणाली है।
  - यह पेंशनभोगियों के बैंक खातों में पेंशन का सीधा क्रेडिट प्रदान करता है।
  - यह संचार मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही एक महत्वाकांक्षी परियोजना है।
  - इस प्रणाली ने विभाग को पेंशन मामलों के तेज़ी से निपटान, बेहतर समाधान/लेखापरीक्षा और लेखांकन को आसान बनाने में मदद की है।
  - इसके द्वारा 6 महीने की अल्प अवधि में ही भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना 2019 के करीब 76,000 मामलों को निपटाने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
  - यह एक लचीली डिज़ाइन वाली प्रणाली है जो इसे लगातार बढ़ती आवश्यकताओं को समायोजित करने में सक्षम बनाती है। अत: विकल्प C सही है।

47.

उत्तर: B

व्याख्या:

- गगनयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) का एक मिशन है।
  - इस मिशन के तहत:
    - तीन अंतरिक्ष अभियानों को कक्षा में भेजा जाएगा।
    - इन तीन अभियानों में से 2 मानवरहित होंगे, जबकि एक मानव युक्त मिशन होगा।
  - मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, जिसे ऑर्बिटल मॉड्यूल कहा जाता है, में एक महिला सहित तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे।
  - यह मिशन 5-7 दिनों की अवधि में पृथ्वी से 300-400 किमी. की ऊँचाई पर लो अर्थ ऑर्बिट में पृथ्वी का चक्कर लगाएगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - उस लॉन्च के साथ भारत अमेरिका, चीन और रूस राष्ट्रों के क्लब में शामिल हो जाएगा।
- गगनयान के प्रमोचन हेतु तीन चरणों वाले GSLV Mk III का उपयोग किया जाएगा जो भारी उपग्रहों के प्रमोचन में सक्षम है। उल्लेखनीय है कि GSLV Mk III को प्रमोचन वाहन मार्क-3 (Launch Vehicle Mark-3 or LVM 3) भी कहा जाता है। अत: कथन 2 सही है।

- गगनयान के प्रमुख मिशन जैसे क्रू एस्केप सिस्टम प्रदर्शन के लिये टेस्ट वेहिकल फ्लाइट (Test Vehicle Flight) और गगनयान (G1) का पहला मानव रहित मिशन अगले वर्ष (2022) की दूसरी छमाही की शुरुआत के दौरान भेजने हेतु निर्धारित अवधि है।
- इसके बाद वर्ष 2022 के अंत में दूसरा मानव रहित मिशन 'व्योममित्र' को अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा, जो इसरो द्वारा विकसित एक अंतरिक्ष यात्री मानव रोबोट है और अंतत: वर्ष 2023 में चालक दल युक्त गगनयान मिशन को लॉन्च किया जाएगा।

48.

उत्तर: D

व्याख्या:

- विकासशील देशों के युवा गणितज्ञों के लिये रामानुजन पुरस्कार वर्ष 2005 से प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह पुरस्कार, 'अब्दुस सलाम इंटरनेशनल सेंटर फॉर थियोरेटिकल फिज़िक्स' (ICTP) द्वारा भारत सरकार के 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग' (DST) तथा अंतर्राष्ट्रीय गणितीय संघ (IMU) के साथ संयुक्त रूप से प्रदान किया जाता है।
    - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने वर्ष 2014 से इस पुरस्कार के लिये फंड देने पर सहमति व्यक्त की है। अत: कथन 2 सही है।
    - DST द्वारा इसका समर्थन गणित में प्रतिभाशाली श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में किया गया है जिन्होंने अदीर्घवृत्तीय कार्यों, निरंतर कार्य, अनंत शृंखला तथा संख्याओं के विश्लेषणात्मक सिद्धांत में शानदार योगदान दिया था।
- यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 31 दिसंबर को विकासशील देश के उस शोधकर्त्ता को प्रदान किया जाता है, जिसकी आयु पुरस्कार प्रदान किये जाने वाले वर्ष तक 45 वर्ष से कम हो और जिसने एक विकासशील देश में उत्कृष्ट शोध किया है।
- गणितीय विज्ञान की किसी भी शाखा में काम करने वाले शोधकर्त्ता इसके पात्र हैं। अत: कथन 3 सही है।
- इसमें 15,000 अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

49.

उत्तर: B

व्याख्या

- शंघाई सहयोग संगठन (SCO) को विशाल यूरेशियाई क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थिरता बनाए रखने के लिये एक बहुपक्षीय संघ के रूप में स्थापित किया गया था।
  - वर्ष 2001 में SCO की स्थापना से पूर्व कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस और ताजिकिस्तान 'शंघाई-5' नामक संगठन के सदस्य थे। अत: कथन 1 सही है।
- SCO-RATS शंघाई सहयोग संगठन का एक स्थायी निकाय है और इसका उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद एवं अलगाववाद के खिलाफ लड़ाई में शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के बीच समन्वय तथा बातचीत की सुविधा प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 2017 में भारत तथा पाकिस्तान को इसके सदस्य का दर्जा मिला। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - वर्तमान में इसके सदस्य देशों में कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान शामिल हैं।

50.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) को पर्यवेक्षक का दर्जा प्रदान किया। अत: कथन 1 सही है।
  - यह अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और संयुक्त राष्ट्र के बीच नियमित तथा बेहतर सहयोग सुनिश्चित करने में मदद करेगा, जिससे वैश्विक ऊर्जा विकास को लाभ होगा।
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन' संधि-आधारित एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका प्राथमिक कार्य वित्तपोषण एवं प्रौद्योगिकी की लागत को कम करके सौर विकास को उत्प्रेरित करना है।

- इसका मुख्यालय भारत में स्थित है और इसका अंतरिम सचिवालय गुरुग्राम में स्थापित किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही है।
- 'अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन', 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' ( One Sun One World One Grid - OSOWOG) को लागू करने हेतु नोडल एजेंसी है, जिसका उद्देश्य एक विशिष्ट क्षेत्र में उत्पन्न सौर ऊर्जा को किसी दूसरे क्षेत्र की बिजली की मांग को पूरा करने के लिये स्थानांतरित करना है। अत: कथन 3 सही है।

51.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में 'नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (NASA) ने 'इमेजिंग एक्स-रे पोलारिमेट्री एक्सप्लोरर' (IXPE) नाम से एक नया मिशन लॉन्च किया।
    - IXPE वेधशाला नासा और इटालवी अंतरिक्ष एजेंसी का संयुक्त प्रयास है। अत: कथन 1 सही है।
- यह "ब्रह्मांड में सबसे चरम और रहस्यमय वस्तुओं-सुपरनोवा अवशेष, सुपरमैसिव ब्लैक होल" तथा दर्जनों अन्य उच्च-ऊर्जा वस्तुओं का अध्ययन करेगा।
    - इस मिशन की प्राथमिक अवधि दो वर्ष है और इसकी वेधशाला पृथ्वी की भूमध्य रेखा के चारों ओर परिक्रमा करते हुए 600 किलोमीटर की ऊँचाई पर स्थित होगी।
    - इसके द्वारा पहले वर्ष में लगभग 40 खगोलीय पिंडों का अध्ययन करने की उम्मीद है।
- यह अन्य एक्स-रे दूरबीनों जैसे चंद्रा एक्स-रे वेधशाला और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की एक्स-रे वेधशाला, एक्सएमएम-न्यूटन का पूरक होगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

52.

उत्तर: B

व्याख्या:

- अल्पसंख्यकों से संबंधित योजनाएँ
    - यह अल्पसंख्यक समुदायों के कारीगरों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों की एक प्रदर्शनी है। जिसे पहली बार वर्ष 2016 में लॉन्च किया गया था।
    - हुनर हाट की अवधारणा वर्तमान वैश्विक प्रतिस्पर्धा में देश की कला और शिल्प की पैतृक विरासत की रक्षा और बढ़ावा देने तथा पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों का समर्थन करने के लिये की गई है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।
    - बेगम हज़रत महल बालिका छात्रवृत्ति: इस छात्रवृत्ति योजना के तहत छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों (मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, पारसी और जैन) की मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
    - गरीब नवाज़ रोज़गार योजना: केंद्र द्वारा अधिसूचित 6 अल्पसंख्यक समुदायों मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी और जैन से जुड़े युवाओं के लिये रोज़गारपरक अल्पावधि कौशल विकास पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के लिये वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान इस योजना की शुरुआत की गई थी।
    - नई मंज़िल:'नई मंजिल' औपचारिक स्कूल शिक्षा और स्कूल छोड़ चुके बच्चों के कौशल विकास की एक योजना है। इस योजना की शुरुआत अगस्त, 2015 को हुई थी।अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
    - उस्ताद (Upgrading the Skills and Training in Traditional Arts/Crafts for Development): इसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों की पारंपरिक कला/शिल्प की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना है।अत: युग्म 2 सुमेलित नहीं है।
    - नई रोशनी: अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्त्व क्षमता विकास करना।

53.

उत्तर: B

व्याख्या:

- जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) का सबसे शक्तिशाली इन्फ्रारेड टेलीस्कोप है।
- इसे हबल टेलीस्कोप का उत्तराधिकारी भी माना जाता है और यह अपनी खोजों का विस्तार करेगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह नासा (NASA), यूरोपियन स्पेस एजेंसी (European Space Agency-ESA) और कनाडाई स्पेस एजेंसी (Canadian Space Agency-CSA) के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय मिशन है। अत: कथन 2 सही है।
- जेम्स वेब नवीन और अप्रत्याशित खोजों को उजागर करेगा तथा मानव की ब्रह्मांड की उत्पत्ति तथा उसमें मानव के स्थान को समझने में मदद करेगा।

54.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में जल में रेडियोधर्मी प्रदूषण और इससे जुड़े स्वास्थ्य प्रभावों को दुनिया के कई हिस्सों में देखा गया है।
- रेडियोधर्मिता कुछ तत्त्वों के अस्थिर नाभिक से कणों या तरंगों के स्वत:स्फूर्त उत्सर्जन की घटना है। रेडियोधर्मी उत्सर्जन तीन प्रकार के होते हैं: अल्फा, बीटा और गामा। अत: कथन 1 सही है।
- अल्फा कण धनावेशित हीलियम (He) परमाणु हैं, बीटा कण ऋणावेशित इलेक्ट्रॉन हैं और गामा किरणें उदासीन विद्युतचुंबकीय विकिरण हैं।
- रेडियोधर्मी तत्त्व प्राकृतिक रूप से पृथ्वी की क्रस्ट में पाए जाते हैं। यूरेनियम, थोरियम और एक्टिनियम तीन 'NORM' (स्वाभाविक रूप से होने वाली रेडियोधर्मी सामग्री) श्रृंखला हैं जो जल संसाधनों को संदूषित करते हैं।
- सभी प्रकार के जल में थोड़ी मात्रा में विकिरण पाया जाता है लेकिन विकिरण की विस्तारित मात्रा मानव स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होती है। पीने के पानी में रेडियोधर्मिता को सकल अल्फा परीक्षण द्वारा निर्धारित किया जा सकता है।अत: कथन 2 सही है।
- रेडियोधर्मिता को बेकुरल (SI इकाई) या क्यूरी में मापा जाता है। यूनिट सीवर्ट मानव ऊतकों द्वारा अवशोषित विकिरण की मात्रा को मापता है।

55.

उत्तर: D

व्याख्या

- हाल ही में नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) ने अपना नया 'लेज़र कम्युनिकेशंस रिले डिमॉन्स्ट्रेशन' (LCRD) लॉन्च किया है। अत: कथन 2 सही है।
- यह नासा की एकमात्र लेज़र संचार प्रणाली है, जो भविष्य के ऑप्टिकल संचार मिशनों का मार्ग प्रशस्त करेगी।
- लेज़र अवरक्त प्रकाश का उपयोग करता है और रेडियो तरंगों की तुलना में कम तरंग दैर्ध्य होता है। इससे कम समय में ज्यादा डाटा ट्रांसफर करने में मदद मिलेगी। अत: कथन 1 सही है।
- ऑप्टिकल संचार रेडियो फ्रीक्वेंसी सिस्टम की तुलना में बैंडविड्थ को 10 से 100 गुना अधिक बढ़ाने में मदद करेगा। अत: कथन 3 सही है।

56.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत के संविधान में अनुच्छेद 23 (1) मानव तस्करी और जबरन श्रम पर रोक लगाता है। अत: कथन 1 सही है।
    - अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 (ITPA) व्यावसायिक यौन शोषण के लिये तस्करी को दंडित करता है।

- भारत बंधुआ श्रम प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम 1976, बाल श्रम (निषेध और उन्मूलन) अधिनियम 1986 और किशोर न्याय अधिनियम के माध्यम से बंधुआ तथा जबरन श्रम पर भी प्रतिबंध लगाता है।
- भारतीय दंड संहिता की धारा 366 (A) और 372, क्रमशः नाबालिगों के अपहरण तथा वेश्यावृत्ति पर रोक लगाती है।
- इसके अलावा कारखाना अधिनियम, 1948 ने श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा की गारंटी दी।

- अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (पलेर्मो कन्वेंशन) के एक भाग के रूप में वर्ष 2000 में व्यक्तियों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्करी को रोकने तथा दंडित करने के लिये प्रोटोकॉल। अत: कथन 2 सही है।
  - यह 25 दिसंबर 2003 को लागू हुआ। यह व्यक्तियों में तस्करी पर एक सहमत परिभाषा के साथ पहला वैश्विक कानूनी रूप से बाध्यकारी साधन है।
  - भूमि, समुद्र और वायु द्वारा प्रवासियों की तस्करी के खिलाफ प्रोटोकॉल।

57.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ब्लू हार्ट अभियान मानव तस्करी और समाज पर इसके प्रभाव से लड़ने के लिये एक वैश्विक जागरूकता बढ़ाने वाली पहल है।
- यह कार्रवाई को प्रेरित करने और इस जघन्य अपराध को रोकने में मदद करने के लिये सरकारों, नागरिक समाज, कॉर्पोरेट क्षेत्र और व्यक्तियों से समान रूप से भागीदारी को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है। अत: विकल्प A सही है।

58.

उत्तर: B

व्याख्या:

- केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 और अन्य विधियों के तहत, भारत के राष्ट्रपति एक केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष (न कि कुलाधिपति) होंगे। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने तक सीमित उनकी भूमिका के साथ, केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलाधिपति नाममात्र के प्रमुख होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा आगंतुक के रूप में नियुक्त किया जाता है।
- कुलपति को भी केंद्र सरकार द्वारा गठित खोज और चयन समितियों द्वारा चुने गए नामों के पैनल से विज़िटर द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- अधिनियम में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रपति को कुलाध्यक्ष के रूप में विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पहलुओं के निरीक्षण को अधिकृत करने और पूछताछ करने का अधिकार होगा। अत: कथन 2 सही है।

59.

उत्तर: A

व्याख्या:

- बुक्सा टाइगर रिज़र्व पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी ज़िले के अलीपुरद्वार उप-मंडल में स्थित है। इसे वर्ष 1983 में भारत के 15वें टाइगर रिज़र्व के रूप में स्थापित किया गया था।
  - इसे जनवरी 1992 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
- बुक्सा टाइगर रिज़र्व की उत्तरी सीमा भूटान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगती है। सिंचुला पहाड़ी शृंखला बुक्सा राष्ट्रीय उद्यान के उत्तरी किनारे पर स्थित है तथा पूर्वी सीमा असम राज्य को स्पर्श करती है।
- टाइगर रिज़र्व में बहने वाली मुख्य नदियाँ- संकोश, रैदक, जयंती, चुर्निया, तुरतुरी, फशखवा, दीमा और नोनानी हैं। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

60.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB), राजस्थान का राज्य पक्षी है और भारत का सबसे गंभीर रूप से लुप्तप्राय पक्षी माना जाता है।
  - यह घास के मैदान की प्रमुख प्रजाति मानी जाती है, जो चरागाह पारिस्थितिकी का प्रतिनिधित्व करती है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसकी अधिकतम आबादी राजस्थान और गुजरात तक ही सीमित है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में यह प्रजाति कम संख्या में पाई जाती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - विद्युत लाइनों से टकराव/इलेक्ट्रोक्यूशन, शिकार (अभी भी पाकिस्तान में प्रचलित), आवास का नुकसान और व्यापक कृषि विस्तार आदि के परिणामस्वरूप यह पक्षी खतरे में है।

सुरक्षा की स्थिति:

- अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की रेड लिस्ट: गंभीर रूप से संकटग्रस्त। अत: कथन 2 सही है।
- वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): परिशिष्ट-1
- प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय (CMS): परिशिष्ट-I
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:- अनुसूची 1

61.

उत्तर: D

व्याख्या:

- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) ने मिलकर इस क्षेत्र के विकास को ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से सुनिश्चित करने के लिये कई पहल की हैं।
  - MSME क्षेत्र में विभिन्न संगठनों के बीच तालमेल सुनिश्चित करने के लिये बीईई और एमएसएमई मंत्रालय ने एक सहयोगी मंच - "समीक्षा" (लघु और मध्यम उद्यम ऊर्जा दक्षता ज्ञान साझाकरण) को भी बढ़ावा दिया है।
    - मंच का उद्देश्य ज्ञान को एकत्र करना और स्वच्छ, ऊर्जा प्रौद्योगिकियों तथा प्रथाओं को बढ़ावा देने और अपनाने के लिये विभिन्न संगठनों के प्रयासों में तालमेल बिठाना है। अत: विकल्प D सही है।

62.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सामुद्रिक कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCLOS) 1982 एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो समुद्री और समुद्री गतिविधियों के लिये कानूनी ढाँचा स्थापित करता है। इसे समुद्र के नियम के रूप में भी जाना जाता है यह समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित करता है अर्थात्- आंतरिक जल, प्रादेशिक सागर, सन्निहित क्षेत्र, अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) और हाई सीज़।
- आधार रेखा तटीय देश द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त तट के साथ कम परिक्षेत्र की जल रेखा है।
- आंतरिक जल वे जल होते हैं जो आधार रेखा के भू-भाग पर स्थित होते हैं और जिससे प्रादेशिक समुद्र की चौड़ाई मापी जाती है।
- प्रादेशिक समुद्र अपनी आधार रेखा से समुद्र की ओर 12 नॉटिकल मील (NM) तक विस्तृत होता है। अत: कथन 1 सही है।
  - एक नॉटिकल मील पृथ्वी की परिधि पर आधारित होता है और अक्षांश के एक मिनट के बराबर होता है। यह भूमि मापित मील (1 समुद्री मील = 1.1508 भूमि मील या 1.85 किमी) से थोड़ा अधिक है।
- सन्निहित क्षेत्र अपनी आधार रेखा से समुद्र की ओर 24 नॉटिकल मील तक फैला हुआ है।
- यह प्रादेशिक समुद्र और 'हाई सीज़' के बीच एक मध्यस्थ क्षेत्र है। अत: कथन 2 सही है।

63.

उत्तर: D

व्याख्या

- 'पिनाका' मल्टी-बैरल रॉकेट सिस्टम का विकास 'रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन' (DRDO) द्वारा 1980 के दशक के अंत में शुरू किया गया था। इसे रूस के 'मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर' सिस्टम (जिसे 'ग्रैड' भी कहा जाता है) के विकल्प के रूप में विकसित किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पिनाका का नाम शिव के धनुष के नाम पर रखा गया है और यह 44 सेकंड की अवधि में 12 रॉकेटों का एक सैल्वो फायर (Salvo Fire) करने में सक्षम है।
- सेना में में सेवारत मौजूदा पिनाका प्रणाली की रेंज 35-37 किमी. तक है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

64.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भिखारियों और ट्रांसजेंडरों के लिये मौजूदा योजनाओं के विलय के बाद यह एक नई योजना है।
- योजना राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और शहरी स्थानीय निकायों के पास उपलब्ध मौजूदा आश्रय गृहों के उपयोग के लिये भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों के लिये पुनर्वास सुनिश्चित करती है।
- इस योजना के केंद्र में बड़े पैमाने पर पुनर्वास, चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान, परामर्श, बुनियादी दस्तावेज़, शिक्षा, कौशल विकास आदि हैं।
- यह योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा तैयार की गई है अत: विकल्प A सही है।

65.

उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में व्यापक रूप से उपयोग किये जाने वाले ओपन-सोर्स लॉगिंग सॉफ्टवेयर 'Apache Log4J' में 'Log4Shell' नामक एक गंभीर सुभेद्यता का पता चला है और इस सुभेद्यता का उपयोग साइबर हमलावरों द्वारा भारत सहित दुनिया भर के संगठनों के कंप्यूटरों को लक्षित करने के लिये किया जा रहा है।
  - यह सुभेद्यता एक ओपन-सोर्स लॉगिंग लाइब्रेरी पर आधारित है, जिसका उपयोग उद्यमों और यहाँ तक कि सरकारी एजेंसियों द्वारा प्रयोग किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इस सुभेद्यता को सामान्य तौर पर Log4Sheबी ll और आधिकारिक तौर पर 'CVE-2021-44228' नाम दिया गया है।
    - 'CVE' नंबर दुनिया भर में खोजी गई प्रत्येक सुभेद्यता को दी गई अद्वितीय संख्या है।
- इस सुभेद्यता का पता पहली बार उन वेबसाइटों पर लगाया गया था जो 'माइनक्राफ्ट' (Minecraft) नामक माइक्रोसॉफ्ट (Microsoft) के स्वामित्व वाले गेम सर्वर को होस्ट कर रहे थे।
- एक पंक्ति के कोड का उपयोग करके इस सुभेद्यता का फायदा उठाया जा सकता है जो हमलावरों को पीड़ित के सिस्टम पर रिमोट कमांड निष्पादित करने की अनुमति देता है।
  - किसी भी जावा-आधारित वेब सर्वर को नियंत्रित करने और रिमोट कोड निष्पादन (Remote Code Execution-RCE) हमलों को अंजाम देने के लिये हमलावरों द्वारा इसका उपयोग किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
  - RCE हमले में हमलावर लक्षित प्रणाली पर नियंत्रण कर लेते हैं और अपनी इच्छानुसार कोई भी कार्य कर सकते हैं।
  - कई रिपोर्टों के अनुसार, इस भेद्यता पर पहले से ही हैकर द्वारा परीक्षण किया जा रहा है, और यह उन्हें एक एप्लीकेशन तक पहुँच प्रदान करता है, जो संभावित रूप से उन्हें डिवाइस या सर्वर पर दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर चलाने की अनुमति प्रदान करता है।